BYJU'S EXAM PREP

साप्ताहिक वन लाइनर्स

22-31 July 2022

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस
22-31 जुलाई 2022

प्रिय पाठकों,

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट चौथे **सप्ताह** (22-31) जुलाई **2022** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक,बीमा,एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. एशियाई विकास बैंक (ADB) के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (2022-23) के लिए भारत का आर्थिक विकास पूर्वानुमान _____**7.2%।**

   नोट:
   - दक्षिण एशियाई क्षेत्र के लिए: 2022 के पूर्वानुमान को 7% से घटाकर 6.5% किया; 2023 के लिए इसे 7.4% से कम करके 7.1% किया।
   - श्रीलंका में आर्थिक संकट, भारत में उच्च मुद्रास्फीति और संबंधित मौद्रिक सख्ती।

2. किस नियामक संस्था ने FX ग्लोबल कोड के प्रति अपने प्रतिबद्धता विवरण को नवीनीकृत किया है, जो दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों द्वारा तैयार सर्वोत्तम बाजार कार्यपद्धति का संकलन है _____**RBI।**

   नोट:
   - इसे ग्लोबल FX कमेटी (GFXC) द्वारा प्रत्येक क्षेत्राधिकार में स्थानीय FX कमेटी (LFXC) के समन्वयन में लागू किया गया।
   - FX ग्लोबल कोड बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के अधीन विकसित किया गया है।

3. न्यू डेवलपमेंट बैंक ने भारत, ब्राजील तथा चीन में जल, स्वच्छता, पर्यावरणीय पर्यटन एवं परिवहन के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की है _____**875 मिलियन अमेरिकी डॉलर।**

   नोट:
   - ब्राजील: जल आपूर्ति एवं सीवेज संग्रहण के लिए $300 मिलियन
   - भारतः मेघालय इकोटूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के लिए $79 मिलियन।
   - चीन: लान्झोउ झोंगचुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए EUR 265 मिलियन और शीआन जियांयांग अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए RMB 805 मिलियन।

4. साईंबाबा जनता सहकारी बैंक, महाराष्ट्र की बिगड़ती वित्तीय स्थिति के कारण RBI ने बैंक पर कितनी राशि की निकासी सीमा पर प्रतिबंध लगाया है_____**20,000 रुपये।**

   नोट:
   - RBI ने सूरी फ्रेंड्स यूनियन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, पश्चिम बंगाल, यूनाइटेड इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, बिजनौर (उप्र) और नेशनल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, बहराइच (उप्र) पर भी प्रतिबंध लगाया है।
   - निकासी सीमा: सूरी फ्रेंड्स यूनियन को-ऑपरेटिव: 50,000 रुपये; नेशनल अर्बन को-ऑपरेटिव: 10,000 रुपये।

5. केनरा बैंक द्वारा लॉन्च किए गए मोबाइल ऐप का नाम_____**केनरा ai1।**

नोट:

- यह 11 भाषाओं में उपलब्ध है और समाज के कई वर्गों की पसंदीदा भाषा में उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।
- विशेषताएं: कई थीम तथा विशिष्ट मेनू के साथ सहज UI तथा UX जिसे उपयोगकर्ता की पसंद के अनुसार वैयक्तीकृत किया जा सकता है।
- सुरक्षा विशेषताएं: सुरक्षित बैंकिंग प्रदान करने के लिए डिवाइस बाइंडिंग, मैलवेयर डिटेक्शन, रिमोट एडमिनिस्ट्रेशन टूल्स डिटेक्शन और एक डायनेमिक कीबोर्ड।

6. किस जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने अपना एड-ऑन मोटर इंश्योरेंस कवर 'पे ऐज यू कंज्यूम' (PAYC) लॉन्च करने की घोषणा की _____**बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस।**

नोट:

- यह एक उपयोग-आधारित मोटर बीमा ऐड-ऑन कवर है, जिसे ग्राहक द्वारा पैकेज उत्पाद, बंडल और स्टैंडअलोन ओडी कवर के अंतर्गत बुनियादी ओन डैमेज (OD प्लान) के साथ चुना जा सकता है।
- ग्राहक अपने वाहन उपयोग के आधार पर कवरेज का चयन कर सकते हैं, जिसके बाद प्रीमियम की गणना की जाएगी, अर्थात वार्षिक किलोमीटर परिचालन।

7. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार _____**572.7 बिलियन डॉलर।**

नोट:

- यह 15 जुलाई, 2022 को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान 7.5 बिलियन डॉलर गिर गया।
- कारण: यह मुख्यत: विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों के कारण है जो $6.5 बिलियन गिर गई थीं।
- विदेशी मुद्रा बाजार में उच्च अस्थिरता को रोकने के लिए केंद्रीय बैंक के आक्रामी हस्तक्षेप के कारण 2022 में भंडार में लगभग 60 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है।

8. किस बैंक ने देश भर में आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (ABHICL) के शाखा नेटवर्क के माध्यम से स्वास्थ्य बीमा उत्पादों के वितरण के लिए कंपनी के साथ बैंकएश्योरेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए _____**सिटी यूनियन बैंक।**

नोट:

- CUB ने स्टार हेल्थ और एलायंस इंश्योरेंस, और केयर हेल्थ (जिसे पहले रेलिगेयर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के नाम से जाना जाता था) के साथ बैंकएश्योरेंस समझौते पर पहले ही हस्ताक्षर किए हैं।
- CUB ने रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस के साथ भी बैंकएश्योरेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

9. किस प्रतिभूति ब्रोकर ने अपने ग्राहकों को डीमैट खाते, और ब्रोकिंग तथा निवेश सेवाएं प्रदान करने के लिए इक्विटास SFB के साथ साझेदारी की है _____**HDFC सिक्योरिटीज लिमिटेड।**

नोट:

- इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक HDFC सिक्योरिटीज की सेवाओं तक पहुंच स्थापित करने के लिए अपने ग्राहकों को 3-इन-1 खाते की पेशकश करेगा।
- इस साझेदारी के साथ, इक्विटास स्मॉल फाइनेंस के ग्राहक शेयरों के क्रय एवं विक्रय और वायदा, वस्तुओं तथा मुद्राओं में व्यापार करने के लिए अपना डीमैट खाता खोल पाएंगे।

10. जीवन बीमा निगम (LIC) ने कंपनी में लगभग 3,882 करोड़ रुपये में कितने प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर सन फार्मास्युटिकल्स में हिस्सेदारी कम करके 5.024% की _____**2%।**

नोट:

- 17 मई 2021 से 22 जुलाई, 2022 की अवधि के दौरान शेयर खुले बाजार लेनदेन के माध्यम से बेचे गए।
- सेबी के मानदंडों के अनुसार, सूचीबद्ध कंपनियों को किसी संस्था में उनकी हिस्सेदारी में 2% या उससे अधिक गिरावट की स्थिति में स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित करना आवश्यक है।

11. किस राज्य की ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (RGAV) ने महिलाओं हेतु एक वित्तीय संस्थान स्थापित करने के लिए स्त्री निधि-तेलंगाना के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए _____**राजस्थान।**

नोट:

- तेलंगाना के स्त्री निधि मॉडल की तर्ज पर राजस्थान में राजस्थान महिला निधि की स्थापना की जा रही है।
- राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के बजट 2022-23 में महिलाओं द्वारा संचालित बैंक स्थापित करने की घोषणा की थी।

12. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (FY23) के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वृद्धि का पूर्वानुमान _____ **7.4%।**

नोट:

- IMF ने वित्त वर्ष 2024 के लिए विकास पूर्वानुमान को पहले के 6.9% से घटाकर 6.1% कर दिया है।
- कारण: निम्न अनुकूल बाह्य परिस्थितियां और अधिक द्रुत नीति सख्तीकरण।

13. किस संगठन ने RBI से गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) व्यवसाय लाइसेंस प्राप्त किया _____**पिरामल एंटरप्राइजेज।**

नोट:

- RBI ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45 IA के अधीन लाइसेंस दिया है।
- कंपनी को लाइसेंस 26 जुलाई, 2022 को प्राप्त हुआ।
- पिछले वर्ष, पिरामल एंटरप्राइजेज बोर्ड ने अपने फार्मास्यूटिकल्स कारोबार के डीमर्जर तथा कॉर्पोरेट ढांचे के सरलीकरण को मंजूरी दी थी।

14. किस संगठन ने अदावी (लावारिस) जमाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अभियान शुरू किया, जिसमें अधिकतम अदावी जमाओं वाले आठ राज्यों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा _____**RBI।**

नोट:

- बैंकों में अदावी जमाएं वित्त वर्ष 2022 में 39,264 करोड़ रुपये से बढ़कर 48,262 करोड़ रुपये हो गई है।
- आठ राज्य: तमिलनाडु, पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, बंगाल, कर्नाटक, बिहार और तेलंगाना/आंध्र प्रदेश।
- यह अभियान इन आठ राज्यों की भाषाओं के साथ हिंदी तथा अंग्रेजी में शुरू किया गया है।

15. RBI की रिपोर्ट के अनुसार, PSB द्वारा प्रतिवेदित धोखाधड़ी के मामलों से संबंधित राशि वर्ष 2017-18 में 28,884 करोड़ रुपये से घटकर गत वित्त वर्ष में कितनी रह गई है _____**3,204 करोड़ रुपये।**

नोट:

- वर्ष 2018-19 में, कुल 9,092 मामले दर्ज किए गए, जिनकी कुल राशि 26,720 करोड़ रुपये थी।
- 2019-20 में, धोखाधड़ी की संख्या बढ़कर 11,074 हो गई, जिनका कुल मौद्रिक मूल्य 21,170 करोड़ रुपये था।

- इन बैंकों का सकल NPA (गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां) भी 2020-21 के 6,16,616 करोड़ रुपये से घटकर 5,41,750 करोड़ रुपये हो गया।

16. सिंगापुर (27.01%) के बाद, कौन सा देश वित्त वर्ष 2021-22 में भारत में FDI इक्विटी फ्लो के मामले में शीर्ष स्रोत देशों के रूप में उभरा है_____**अमेरिका (17.94%)।**

नोट:

- मॉरीशस (15.98%) तीसरे स्थान पर है, उसके बाद नीदरलैंड (7.86%) और स्विट्जरलैंड (7.31%) हैं।
- शीर्ष 5 क्षेत्र: कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर (24.60%), सेवा क्षेत्र, ऑटोमोबाइल उद्योग, व्यापार एवं निर्माण (अवसंरचना) गतिविधियां।
- शीर्ष 5 राज्य: कर्नाटक (37.55%), महाराष्ट्र (26.26%), दिल्ली (13.93%), तमिलनाडु तथा हरियाणा।

17. लेन-देन के संबंध में एक वैकल्पिक प्रणाली में संक्रमण सुगमता जहां कार्डधारक लेन-देन के समय स्वयं (मैनुअली) कार्ड विवरण दर्ज करने का निर्णय लेते हैं, कहलाता है _____**गेस्ट चेकआउट ट्रांजैक्शन।**

नोट:

- RBI ने गेस्ट ट्रांजैक्शन चेकआउट से संबंधित कार्ड-ऑन-फाइल डेटा स्टोरेज मानदंडों में ढील दी है।
- अब, कार्ड जारीकर्ता तथा कार्ड नेटवर्क के अलावा, लेनदेन अदायगी में शामिल व्यापारी या उसके पेमेंट एग्रीगेटर डेटा को अधिकतम T+4 दिनों या अदायगी तिथि तक, जो भी पहले हो, सुरक्षित रख सकते हैं।

श्रद्धांजलियां

1. अनंत यशवंत खरे, जिनका हाल ही में निधन हो गया, किस भाषा के प्रसिद्ध लेखक थे_____**मराठी।**

नोट:

- प्रसिद्ध रचना: 'अंताजीची बखर', 'बखर अंताकलाची' और 'उदया'
- उन्हें 2010 में अपनी पुस्तक 'कहाणी मानव प्राण्याची' के लिए भाई माधवराव बागल पुरस्कार मिला।
- उन्हें ग्रंथाली, विदर्भ साहित्य संघ और लोकमंगल से सम्मानित किया गया।

2. सुशोवन बंद्योपाध्याय, जिन्हें प्यार से बंगाल के 'वन रूपी डॉक्टर' के नाम से जाना जाता है, का हाल ही में निधन हो गया है, उन्हें किस वर्ष पद्म श्री प्राप्त हुआ_____**वर्ष 2020।**

नोट:

- सर्वाधिक मरीजों के इलाज के लिए उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया था।
- वह बोलपुर सीट से पूर्व विधायक थे और उन्होंने 1984 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा थे, लेकिन तृणमूल कांग्रेस के गठन के बाद वे बीरभूम जिले के अध्यक्ष बने।

3. डेविड ट्रिम्बल, जिनका हाल ही में निधन हो गया, को उत्तरी आयरलैंड में संघर्ष का अंत करने के लिए किस वर्ष नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया _____**वर्ष 1998।**

नोट:

- वह 1990 से 2005 तक अपर बान से संसद सदस्य (सांसद) भी रहे।
- उन्हें 1998 में गुड फ्राइडे समझौते के रचनाकार के रूप में जाना जाता था, जिसने उत्तरी आयरलैंड में 30 वर्षों के विवादों का अंत कर दिया।
- अक्टूबर 1998 में, जॉन ह्यूम और डेविड ट्रिम्बल को उत्तरी आयरलैंड में संघर्ष को समाप्त करने के उनके प्रयासों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

4. बलविंदर सफरी, जिनका हाल ही में निधन हो गया, प्रसिद्ध थे _____**पंजाबी गायक।**

नोट:

- वह बर्मिंघम, यूके में आवासित थे, और 1980 से यूके के भांगड़ा दृश्य का हिस्सा थे। उन्होंने 1990 में सफरी बॉयल बैंड बनाया।
- वह अपने पंजाबी गीत जैसे "रहाये रहाये" और "चान मेरे मखना" के लिए प्रसिद्ध थे।

5. 'नामघोरिया' के लेखक, अतुलानंद गोस्वामी जो अपने उपन्यासों तथा लघु कथाओं के लिए प्रसिद्ध हैं, का निधन हो गया, वह किस भाषा के प्रसिद्ध लेखक थे _____**असमिया।**

नोट:

- उन्हें उनके लघु कथा संग्रह 'सेनेह जरीर गंथी' के लिए 2006 में साहित्य अकादमी पुरस्कार भी प्रदान किया गया।
- पुरस्कार: अंबिकागिरी रॉय चौधरी साहित्य पुरस्कार, कुमार किशोर मेमोरियल अवॉर्ड, कथा पुरस्कार और स्नेह भारती साहित्य सम्मान इत्यादि।
- उन्होंने कई अंग्रेजी, बंगाली और उड़िया ग्रंथों का असमिया में अनुवाद भी किया।

6. निर्मला मिश्रा जिनका हाल ही में निधन हो गया, किस भाषा की प्रसिद्ध गायिका थीं_____**बंगाली।**

नोट:

- उन्होंने बंगाली, ओड़िया तथा असमिया फिल्मों में अनेक गाने गाए।
- पश्चिम बंगाल सरकार ने उन्हें 'संगीत सम्मान', 'संगीत महासम्मन' और 'बंगविभूषण' पुरस्कार भी प्रदान किए।
- उन्हें ओड़िया संगीत में उनके आजीवन योगदान के लिए संगीत सुधाकर बालकृष्ण दास पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

7. फिदेल रामोस, जिनका हाल ही में निधन हो गया, किस देश के पूर्व राष्ट्रपति थे_____**फिलीपींस।**

नोट:

- वह 1992 से 1998 तक फिलिपींस गणराज्य के 12वें राष्ट्रपति थे।
- उनके कार्यकाल के दौरान, फिलीपींस को एक उदीयमान् "टाइगर इकोनॉमी" की संज्ञा दी गई थी।

महत्वपूर्ण दिवस

1. फ्रेगाइल X से प्रभावित परिवारों को ध्यान में रखते हुए वर्ल्ड फ्रेगाइल X अवेयरनेस डे प्रतिवर्ष किस तारीख को मनाया जाता है_____**22 जुलाई।**

नोट:

- FRAXA रिसर्च फाउंडेशन को 1994 में क्लैप तथा उनके पति माइकल ट्रैनफैग्लिया, एमडी द्वारा लॉन्च किया गया था।
- वर्ल्ड फ्रेगाइल X अवेयरनेस डे की शुरुआत अमेरिका स्थित FRAXA रिसर्च फाउंडेशन द्वारा की गई थी।

2. राष्ट्रीय प्रसारण दिवस भारत में किस तारीख को मनाया जाता है _____**23 जुलाई।**

नोट:

- नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आजाद हिंद रेडियो और कांग्रेस रेडियो दोनों ने आजादी से पहले भारतीयों को अंग्रेजों के खिलाफ जगाने में मदद की।

- आकाशवाणी ने 1971 के युद्ध में दमनकारी पाकिस्तान से बांग्लादेश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

3. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने किस तारीख को आयकर दिवस की 163वीं वर्षगांठ मनाई _____**24 जुलाई।**

नोट:

- भारत में आयकर की शुरुआत 24 जुलाई 1860 को सर जेम्स विल्सन ने की थी।
- उद्देश्य: 1857 में ब्रिटिश शासन के खिलाफ पहले स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिश शासन को हुई हानि की भरपाई करना।

4. वर्ल्ड ड्राउनिंग प्रिवेंशन डे प्रतिवर्ष मनाया जाता है_____**25 जुलाई।**

नोट:

- यह अप्रैल 2021 से संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव "ग्लोबल ड्राउनिंग प्रिवेंशन" द्वारा स्थापित किया गया था।

5. अंतर्राष्ट्रीय मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र संरक्षण दिवस हर वर्ष मनाया जाता है_____**26 जुलाई।**

नोट:

- यह दिवस मैंग्रोव पारिस्थितिक तंत्र के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने और उनके संधारणीय प्रबंधन, संरक्षण एवं उपयोग के समाधान को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।
- संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) के महासम्मेलन ने 2015 में इस दिवस की शुरुआत की।

6. भारत द्वारा कारगिल विजय दिवस कब मनाया जाता है_____**26 जुलाई।**

नोट:

- यह 26 जुलाई 1999 को पाकिस्तान पर ऐतिहासिक विजय का प्रतीक है।
- भारतीय थलसेना ने लद्दाख के कारगिल में नियंत्रण रेखा (LoC) के भारतीय हिस्से में एक पहाड़ी की चोटी पर अवैध कब्जा कर रहे पाकिस्तानी सैन्य बलों को मार भगाया था।
- इस विजय के स्मरण तथा देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों को याद करने के लिए भारत में हर वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है।

7. विषाणुज हेपेटाइटिस पर जागरूकता फैलाने तथा वैश्विक कार्यवाही को बढ़ावा देने के लिए विश्व हेपेटाइटिस दिवस प्रतिवर्ष किस तारीख को मनाया जाता है _____**28 जुलाई।**

नोट:

- विषय 2022: Bringing hepatitis care closer to you
- विश्व स्वास्थ्य सभा ने बारूक सैमुअल ब्लमबर्ग (28 जुलाई) के जन्मदिवस को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया, जिन्होंने 1960 के दशक में हेपेटाइटिस B की खोज की थी।
- विषाणुज हेपेटाइटिस यकृत में सूजन की स्थिति है।

8. बाघों के संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है _____**29 जुलाई।**

नोट:

- विश्व वन्यजीव कोष के अनुसार, पिछले 150 वर्षों में बाघों की आबादी में लगभग 95% गिरावट आई है।
- विषय 2022: “India launches Project Tiger to revive the tiger population”

- 2018 में किए गए राष्ट्रीय बाघ गणना मूल्यांकन के चौथे दौर के अनुसार, भारत में बाघों की संख्या 2,967 दर्ज की गई है।

9. मानव तस्करी के शिकार लोगों के कटु अनुभव तथा उनके अधिकारों की रक्षा के तरीकों के बारे में जनता को जागरूक करने के लिए विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस हर वर्ष मनाया जाता है _____**30 जुलाई।**

नोट:

- विषय 2022: Use and abuse of technology
- विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस पहली बार 2013 में मनाया गया था।
- यूनाइटेड नेशंस ऑफिस ऑन ड्रग्स एंड क्राइम (UNODC) 2003 से पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा के लिए आंकड़ों का संग्रहण तथा विश्लेषण करता है।

नई नियुक्तियां

1. 64% मत हासिल करके भारत के 15वें राष्ट्रपति के रूप में किन्हें निर्वाचित किया गया _____**द्रौपदी मुर्मू।**

नोट:

- वह भारत के राष्ट्रपति का पद संभालने वाली पहली जनजातीय महिला तथा दूसरी महिला (पहली: प्रतिभा पाटिल) हैं।
- CJI, एन.वी. रमण ने द्रौपदी मुर्मू को पद की शपथ दिलाई।
- उनका जन्म ओडिशा के मयूरभंज जिले में हुआ था।
- जनजाति: संथाल
- उन्होंने 2015 से 2021 तक झारखंड की राज्यपाल के रूप में कार्य किया।

2. भारतीय प्रशासक नरिंदर बत्रा द्वारा पद से इस्तीफा देने के बाद अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) ने किन्हें अपना कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया _____**सैफ अहमद (मिस्र)।**

नोट:

- बत्रा ने FIH अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया और भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) प्रमुख के पद से भी इस्तीफा दे दिया।
- उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) की अपनी सदस्यता भी त्याग दी जो सीधे तौर पर उनके IOA पद से संबद्ध थी।

3. ONGC विदेश लिमिटेड का MD किन्हें नियुक्त किया गया, जो राष्ट्र के स्वामित्व वाली तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ONGC) की एक विदेशी निवेश शाखा है _____**राजर्षि गुप्ता।**

नोट:

- उन्होंने आलोक गुप्ता की जगह ली, जो जून 2022 में सेवानिवृत्त हुए थे।
- उनके पास ONGC तथा ONGC विदेश के घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय संचालन में पर्यवेक्षी, प्रबंधकीय एवं कार्यनीतिक नियोजन का 33 से अधिक वर्षों का अनुभव है।

4. 17 अन्य कैबिनेट मंत्रियों के साथ श्रीलंका का नया प्रधानमंत्री किन्हें नियुक्त किया गया _____**दिनेश गुणवर्धने।**

नोट:

- प्रधान मंत्री पद के साथ, उनके पास लोक प्रशासन, गृह मामलों, प्रांतीय परिषद तथा स्थानीय सरकार का अतिरिक्त प्रभार है।

5. पांच वर्ष की अवधि (23 जुलाई 2022 से प्रभावी) के लिए यस बैंक का अतिरिक्त स्वतंत्र निदेशक किन्हें नियुक्त किया गया _____**राम सुब्रमण्यम गांधी।**

नोट:

- वह वर्तमान में वित्तीय क्षेत्र के नीति विशेषज्ञ तथा सलाहकार हैं।
- वह 2014 से 2017 तक तीन वर्ष के लिए RBI के डिप्टी गवर्नर थे।
- उन्होंने सेबी में तीन वर्ष की उपनियुक्ति संभाली और उन्होंने इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन बैंकिंग टेक्नोलॉजी (IDRBT), हैदराबाद के निदेशक के रूप में भी कार्य किया।

6. भारत में इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ पोर्ट्स एंड हार्बर्स (IAPH) का आधिकारिक प्रतिनिधि किन्हें नियुक्त किया गया _____**एन्नारासु करुनेसां।**

नोट:

- उन्होंने मुंबई बंदरगाह से बंदरगाह उद्योग में अपना करियर शुरू किया और बाद में पोर्ट क्लैंग, मलेशिया में वेस्टपोर्ट कंटेनर टर्मिनल के परिचालन महाप्रबंधक और CEO (2001 से 2004 तक) के रूप में काम किया।
- IAPH सहयोग तथा उत्कृष्टता के लिए विश्व बंदरगाह उद्योग मंच है।

7. 19 अगस्त, 2022 से तीन वर्ष की अवधि के लिए वोडाफोन आइडिया का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी किन्हें नियुक्त किया गया _____**अक्षय मुंद्रा।**

नोट:

- वह रविंदर टक्कर की जगह लेंगे।
- टक्कर MD और CEO के रूप में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद कंपनी के गैर-कार्यकारी और गैर-स्वतंत्र निदेशक बने रहेंगे।
- मुंद्रा के पास 30 से अधिक वर्षों का अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में 14 वर्षों से अधिक का अनुभव है।

8. विश्व बैंक का नया मुख्य अर्थशास्त्री और वैकासिक अर्थशास्त्र का वरिष्ठ उपाध्यक्ष (1 सितंबर, 2022 से प्रभावी) किन्हें नियुक्त किया गया _____**इंदरमीत गिल।**

नोट:

- वह अमेरिकी अर्थशास्त्री, कारमेन रीनहार्ट की जगह लेंगे।
- वह वर्तमान में एक्विटेबल ग्रोथ, फाइनेंस एंड इंस्टीट्यूशन के उपाध्यक्ष हैं।
- वह 2012 से 2016 तक विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री कौशिक बसु के बाद मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में कार्य करने वाले दूसरे भारतीय होंगे।

9. अहमद नवाफ अल अहमद अल सबाह को किस देश का प्रधान मंत्री नियुक्त किया गया _____**कुवैत।**

नोट:

- उन्होंने शेख सबा अल खालिद की जगह ली, जिन्होंने अप्रैल 2022 में इस्तीफा दिया था।
- वह 9 मार्च, 2022 से आंतरिक मंत्रालय तथा प्रथम उप-प्रधानमंत्री बनने से पहले लेफ्टिनेंट-जनरल के पद से सेवानिवृत्त कुवैती सैन्य अधिकारी हैं।

10. LIC हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (LIC HFL) का अतिरिक्त निदेशक (स्वतंत्र) किन्हें नियुक्त किया गया, जो 25 जुलाई 2022 से प्रभावी है____**रवि किशन टक्कर।**

नोट:

- उन्होंने 1 नवंबर, 2018 तक तीन वर्ष के लिए यूको बैंक के MD और CEO के रूप में कार्य किया।

11. पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड (PPSL) का CEO किन्हें नियुक्त किया गया _____**नकुल जैन।**

नोट:

- उन्होंने प्रवीण शर्मा की जगह ली, जो अब PPSL के कार्यवाहक CEO हैं।
- प्रवीण शर्मा को उनके अन्य दायित्वों के अलावा संगठन के वाणिज्य कार्यक्षेत्र के निरीक्षण के लिए पदोन्नत किया गया है।
- नकुल जैन ने स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक में निजी बैंकिंग, प्राथमिकता बैंकिंग, जमा तथा शाखा बैंकिंग के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य किया है।

12. अल्बानिया गणराज्य के राष्ट्रपति के रूप में किसने शपथ ग्रहण की और देश के नौवें राष्ट्रपति बने _____**बजराम बेगज।**

नोट:

- 83 मतों में से 78 मत प्राप्त करने के बाद 4 जून, 2022 को उन्हें राष्ट्रपति निर्वाचित किया गया था।
- वह एक मेजर जनरल थे और अल्बानिया के सशस्त्र बलों में चीफ ऑफ जनरल स्टाफ थे।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. किस संगठन ने ने लाइसेंसिंग तथा नियामक व्यवस्थाओं के लिए एक टेम्पलेट तथा दिशानिर्देश पेश करते हुए डिजिटल बैंकों पर अपनी रिपोर्ट जारी की _____**नीति आयोग।**

नोट:

- रिपोर्ट का शीर्षक: डिजिटल बैंक: भारत में लाइसेंसिंग एवं नियामकीय व्यवस्था के लिए एक प्रस्ताव
- रिपोर्ट में सिफारिशें: (1) सीमित डिजिटल बैंक लाइसेंस जारी करना, (2) RBI द्वारा अधिनियमित एक नियामक सैंडबॉक्स फ्रेमवर्क में समावेशन (लाइसेंसधारी का), (3) "पूर्ण मापनी" डिजिटल बैंक लाइसेंस जारी करना।

2. भारत का पहला यात्री ड्रोन जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लॉन्च किया _____**वरुण।**

नोट:

- यह ड्रोन ऑटो टेक-ऑफ तथा लैंडिंग सुविधाओं की मदद से एक व्यक्ति, उपकरण, या सामग्री को एक गतिशील युद्धपोत से दूसरे युद्धपोत पर ले जाने में सक्षम है।
- इसका उपयोग चिकित्सा निकासी में किया जा सकता है।

3. कौन सा जिला भारत का पहला प्रमाणित हर घर जल जिला बना, जहां सभी लोगों के लिए नल के माध्यम से सुरक्षित पेयजल उपलब्ध है _____**बुरहानपुर, मध्य प्रदेश।**

नोट:

- जल जीवन मिशन के शुभारंभ के समय, जिले में केवल 36.54 प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध था।
- जल जीवन मिशन 15 अगस्त 2019 को शुरू किया गया था।
- उद्देश्य: 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से प्रति व्यक्ति प्रति दिन 55 लीटर जलापूर्ति करना।

4. इंडिया इनोवेशन इंडेक्स 2021 किस संगठन ने जारी किया, जिसके अनुसार, भारत का सकल अनुसंधान एवं विकास व्यय (GERD) दुनिया में न्यूनतम (केवल 43 डॉलर प्रति व्यक्ति या GDP का 0.70%) है _____**नीति आयोग।**

नोट:

- भारत को इस व्यय को बढ़ाने की आवश्यकता है और कम से कम रूस ($285), ब्राजील ($173), और मलेशिया ($293) जैसे देशों के बराबर करना जरूरी है।
- यह ब्राजील (1.16%), दक्षिण अफ्रीका (0.83%) इत्यादि से कम है। केवल मेक्सिको (0.31%) का GERD शेयर कम था।

5. केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री, नितिन गडकरी ने किस शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग 547-E के सावनेर-धपेवाड़ा-गौंडखैरी खंड का उद्घाटन किया _____**नागपुर।**

नोट:

- इस खंड की लंबाई 28.88 किमी है।
- सावनेर-धपेवाड़ा-गौंडखैरी खंड को चार लेन का बनाने से अडासा में गणेश मंदिर और धपेवाड़ा में विट्ठल-रुक्मिणी मंदिर जैसे तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर संपर्क व्यवस्था प्राप्त होगी।
- चंद्रभागा नदी पर बने पुल से धापेवाड़ा में यातायात अवरोध से राहत मिलेगी।

6. राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी NDDB MRIDA लिमिटेड को किसने लॉन्च किया _____**पुरुषोत्तम रूपाला (केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन तथा डेयरी मंत्री)।**

नोट:

- उद्देश्य: खाद प्रबंधन प्रयासों को संरचित प्रोत्साहन प्रदान करना।
- NDDB ने 1 जुलाई, 2022 को कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत NDDB MRIDA लिमिटेड (असूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनी) की स्थापना की है।
- यह पाककर्म (कुकिंग) ईंधन को बायोगैस से प्रतिस्थापित करने के सद्गुण से किसानों को बचत में मदद करेगा।

7. पांच नई आर्द्रभूमियों के शामिल होने से, भारत में रामसर स्थलों की कुल संख्या कितनी हो गई है _____**54।**

नोट:

- तमिलनाडु: करिकिली पक्षी अभयारण्य, पल्लीकरनेई मार्श रिजर्व फॉरेस्ट और पिचवरम मैंग्रोव
- मिजोरम: पाला आर्द्रभूमि
- मध्य प्रदेश: साख्य सागर
- रामसर आर्द्रभूमि अभिसमय (अंतर्राष्ट्रीय संधि) का उद्देश्य आर्द्रभूमियों का संरक्षण तथा संधारणीय उपयोग है।

8. राष्ट्र द्वारा संचालित किस संगठन ने छोटे निर्यातकों की सहायता हेतु 90% तक विस्तारित निर्यात ऋण जोखिम बीमा कवर प्रदान करने के लिए एक नई योजना शुरू की _____**भारतीय निर्यात क्रेडिट गारंटी निगम (ECGC)।**

नोट:

- यह एक्सपोर्ट क्रेडिट इंश्योरेंस फॉर बैंक होल टर्नओवर पैकेजिंग क्रेडिट एंड पोस्ट शिपमेंट (ECIB- WTPC & PS) के तहत है।
- इस योजना से ECGC WT-ECIB कवर रखने वाले बैंकों के साथ निर्यात ऋण प्राप्त करने वाले छोटे निर्यातकों को लाभ होगा।

9. भारत ने उच्च शिक्षण संस्थानों (HEI) के बीच छात्र गतिशीलता तथा शैक्षणिक सहयोग प्रदान करने के लिए किस देश के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए _____**यूनाइटेड किंगडम।**

नोट:

- हस्ताक्षरकर्ता: यूनाइटेड किंगडम (यूके) के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विभाग के स्थायी सचिव जेम्स बॉलर और भारत के शिक्षा मंत्रालय के सचिव (उच्च शिक्षा) संजय मूर्ति।
- मई 2021 में, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए 2030 तक एक व्यापक दिशानिर्देश अपनाया गया था।

10. COP 26 के अध्यक्ष जिन्होंने नीति आयोग के साथ मिलकर दो महत्वपूर्ण पहल लॉन्च कीं - E-AMRIT और भारत के बाजार में उन्नत रासायनिक सेल वाली बैटरियों को दोबारा इस्तेमाल करने और उनकी री-साइक्लिंग करने संबंधी रिपोर्ट _____**आलोक शर्मा।**

नोट:

- E-AMRIT (एक्सीलेरेटेड ई-मोबिलिटी रिवॉल्यूशन फॉर इंडियाज़ ट्रांस्पोर्टेशन) एक मोबाइल एप्लिकेशन है, जो इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर जागरूकता बढ़ाएगा।
- भारत उन 42 नेतृत्वकारी देशों में शामिल है जिन्होंने COP26 जलवायु शिखर सम्मेलन में लॉन्च किए गए यूके के ग्लासगो ब्रेकथ्रू का समर्थन किया तथा उस पर हस्ताक्षर किए।

11. किस देश ने न्यायालय के डिजिटलीकरण में तेजी लाने तथा दोनों देशों में आईटी कंपनियों तथा स्टार्ट-अप के लिए संभावनाएं बढ़ाने के उद्देश्य से न्यायिक सहयोग हेतु भारत के साथ एक MoU हस्ताक्षर किया, जिसे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी_____**मालदीव।**

नोट:

- न्यायिक सहयोग के क्षेत्र में भारत तथा अन्य देशों के बीच यह आठवां MoU है।
- भारत 1965 में मालदीव की स्वतंत्रता के बाद उसे मान्यता प्राप्त करने वाला सबसे पहला देश था और देश के साथ अच्छे राजनयिक संबंध रखता है।

12. किस शिपयार्ड लिमिटेड ने समुद्री क्षेत्र में स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान-कोझीकोड (IIMK) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए _____**कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (CSL)।**

नोट:

- उद्देश्य: तकनीकी, नियामक, वित्तीय तथा विपणन से समुद्री क्षेत्र में स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना।
- CSL और IIMK के बिजनेस इनक्यूबेटर लेबोरेटरी फॉर इनोवेशन वेंचरिंग एंड एंटरप्रेन्योरशिप (LIVE) की योजना हितधारकों को एक साथ लाने की है।

13. वह उद्योग जिसने वाणिज्यिक एयरोस्पेस क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग तथा संयुक्त व्यवसाय बढ़ाने के लिए ऐकस के साथ एक रणनीतिक समझौते पर हस्ताक्षर किए _____**हिंडाल्को इंडस्ट्रीज।**

नोट:

- ऐकस ने हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड (हिंडाल्को) द्वारा अपनी विनिर्माण इकाइयों और/या अपनी सहायक कंपनी, हिंडाल्को एल्मेक्स एयरोस्पेस लिमिटेड (HAAL) के माध्यम से बिलेट्स और एक्सट्रूज़न सहित कच्चे माल की आपूर्ति हेतु हस्ताक्षर किए।
- यह अंततः वाणिज्यिक एयरोस्पेस OEM (मूल उपकरण निर्माता) द्वारा उपभोग किया जाएगा।

14. राष्ट्र द्वारा संचालित किस संगठन ने गेल (GAIL) इंडिया और असम गैस कंपनी लिमिटेड (AGCL) के साथ उत्तरी त्रिपुरा के पनिसागर के अंतर्गत खुबल में एक गैस-विक्रय समझौते पर हस्ताक्षर किए _____**तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ONGC)।**

नोट:

- ONGC गेल एवं AGCL को 50,000 मानक घन मीटर (प्रति दिन) गैस की आपूर्ति करेगी और ONGC के खुबल गैस संग्रह स्टेशन से कुल 0.1 मिलियन मानक घन मीटर प्रति दिन (MSCMD) गैस की आपूर्ति की जाएगी।
- खुबल स्टेशन में 0.44 MSCMD गैस को संसाधित करने की क्षमता होगी।

15. भारत में हाई स्पीड ट्रेनों के निर्माण के उद्देश्य से किस संगठन ने टैल्गो के साथ साझेदारी की _____**बीएफ इंफ्रास्ट्रक्चर।**

नोट:

- टैल्गो, पेटेंट टैल्गो के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, यह स्पेन स्थित हाई स्पीड पैसेंजर ट्रेन निर्माता है।
- मुख्य उद्देश्य: भारतीय रेलवे में हाई स्पीड रेल प्रौद्योगिकी तथा समाधान लाना।
- हाल ही में, सरकार ने 200 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति के साथ 100 वंदे भारत ट्रेनों के लिए एक निविदा जारी की है।

16. किस संगठन ने प्रभावी खदान प्रबंधन हेतु ड्रोन आधारित खनन समाधान के लिए आरव अनमैन्ड सिस्टम्स (AUS) के साथ समझौता किया _____**टाटा स्टील।**

नोट:

- प्राथमिक लक्ष्य: संयुक्त रूप से दीर्घकालिक तथा पूर्णतया एकीकृत समाधान विकसित करना तथा उनकी पेशकश करना जिससे विवृत खनन (open cast mining) कार्यों की दक्षता, सुरक्षा एवं उत्पादकता पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा।
- ये आद्यांत खनन समाधान मितव्ययी हैं, कम पैदल अन्वेषण आवश्यकताओं की मांग करते हैं, और उत्पादन, दक्षता एवं स्थान सुरक्षा में सुधार करते हैं।

17. राष्ट्र द्वारा संचालित किस संगठन ने हरित हाइड्रोजन निर्माण के लिए नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी ग्रीनको जीरो के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए_____**तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ONGC)।**

नोट:

- उद्देश्य: नवीकरणीय ऊर्जा तथा ग्रीन हाइड्रोजन के अन्य व्युत्पन्नों में अवसर तलाशना।
- यह MoU सरकार के राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप है जिसका उद्देश्य देश को वैश्विक हरित हाइड्रोजन हब में परिवर्तित करना है।
- भारत 2030 तक प्रतिवर्ष 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

18. केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा कृषि गणना का कौन सा संस्करण (2021-22) शुरू किया गया, जिसका उद्देश्य अपेक्षाकृत सूक्ष्म स्तर पर विभिन्न प्रकार के कृषि मापदंडों पर जानकारी प्रदान करना है _____**13वां।**

नोट:

- कृषि गणना हर 5 वर्ष में होती है, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसमें देरी हुई।
- उन्होंने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के उपयोग के लिए गणना परिचालन संबंधी दिशानिर्देशों पर विवरण पुस्तिका जारी की, और डेटा कलेक्शन पोर्टल/ऐप लॉन्च किया।

19. मिस्र में स्वेज नहर आर्थिक क्षेत्र में ग्रीन हाइड्रोजन निर्माण केंद्र बनाने के लिए किस नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी ने मिस्र सरकार के साथ 8 बिलियन डॉलर के निवेश हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर किए _____**रीन्यू पावर (ReNew Power)।**

नोट:

- रीन्यू आगामी वर्षों में मिस्र में प्रतिवर्ष 220,000 टन स्वच्छ ईंधन का उत्पादन करेगी।
- रीन्यू को गोल्डमैन सैक्स ग्रुप और अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी सहित कई निवेशकों का समर्थन प्राप्त है।

20. किस एयरोनॉटिक्स कंपनी ने हनीवेल के साथ 100 मिलियन डॉलर से अधिक के समझौते पर हस्ताक्षर किए _____**हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)।**

नोट:

- उद्देश्य: रखरखाव तथा सहायक सेवाओं सहित हिंदुस्तान ट्रेनर एयरक्राफ्ट (HTT-40) को ऊर्जा देने के लिए 88 TPE331-12B इंजन/किट की आपूर्ति तथा निर्माण करना।
- TPE331-12B इंजन इंटीग्रल इनलेट और गियरबॉक्स, द्वि-चरणीय अपकेंद्री संपीडक, पावर टर्बाइन, गियरबॉक्स, त्रि-चरणीय अक्षीय टर्बाइन तथा टर्बाइन एग्जॉस्ट डिफ्यूज़र युक्त एक सिंगल शाफ्ट टर्बोप्रॉप इंजन है।

21. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) द्वारा आयोजित पहली अखिल भारतीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (DLSA) बैठक के उद्घाटन सत्र को किसने संबोधित किया _____**नरेंद्र मोदी।**

नोट:

- उद्देश्य: DLSA में एकरूपता तथा समकालन लाने के लिए एक एकीकृत प्रक्रिया का निर्माण।
- देश में कुल 676 DLSA हैं और इसका नेतृत्व जिला न्यायाधीश करते हैं, जो प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं।

22. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना के लिए किस कार्यक्रम के ग्रैंड फिनाले में शामिल हुए _____**उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य - पावर@2047।**

नोट:

- कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना का शुभारंभ किया।
- उन्होंने राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड की विभिन्न हरित ऊर्जा परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।
- इस पहल में वित्त वर्ष 2025-26 तक पांच वर्ष की अवधि के लिए 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ डिस्कॉम को वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रस्ताव है।

23. ओला इलेक्ट्रिक तथा राजेश एक्सपोर्ट्स के साथ, किस कंपनी ने भारत सरकार के 18,000 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत बैटरी सेल के निर्माण हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं_____**रिलायंस न्यू एनर्जी।**

नोट:

- सरकार ने कुल 50 गीगावाट घंटे की बैटरी स्टोरेज क्षमता के निर्माण के लिए इन कंपनियों का चयन किया था।
- यह अनुमान लगाया गया है कि एडवांस्ड केमेस्ट्री सेल (ACC) बैटरी स्टोरेज के लिए PLI योजना के फलस्वरूप विनिर्माण परियोजनाओं में लगभग 45,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष निवेश होगा।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (VLTD) युक्त सभी पंजीकृत वाणिज्यिक वाहनों को इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम (ERSS) से जोड़ने वाला भारत का पहला राज्य _____**हिमाचल प्रदेश।**

नोट:

- VLTD के माध्यम से वाहनों को देश में कहीं भी ट्रैक किया जा सकता है।

- इसकी निगरानी पुलिस तथा परिवहन दोनों विभाग द्वारा की जाएगी।
- मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक वाहनों में महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा के लिए पैनिक बटन की सुविधा भी शुरू की।

2. किस राज्य ने एक योजना दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना शुरू की _____**उत्तर प्रदेश।**

नोट:

- उद्देश्य: राज्य सरकार के कर्मचारियों, पेंशनभोगियों तथा उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करना।
- पात्र लोगों को बिना किसी वित्तीय सीमा के सरकारी संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों तथा अस्पतालों में कैशलेस चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त होंगी।

3. झारखंड के मुख्यमंत्री, जिन्होंने राज्य में पर्यटन विकास के लिए दिशानिर्देश तैयार करने हेतु झारखंड पर्यटन नीति 2022 शुरू की _____**हेमंत सोरेन।**

नोट:

- राज्य की नई पर्यटन नीति राज्य में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए पर्यावरणीय पर्यटन तथा प्रोत्साहन पर केंद्रित है।
- नीति देवघर, पारसनाथ, मधुबन तथा इत्कोरी जैसे स्थलों के लिए नागरिक सुविधाओं एवं सौंदर्यीकरण के तरीकों को अपनाने पर भी ध्यान दे रही है।

4. किस राज्य सरकार ने बराक घाटी में बराक भुबन वन्यजीव अभयारण्य (दूसरा वन्यजीव अभयारण्य) के निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दी_____**असम।**

नोट:

- बराक भुबन वन्यजीव अभयारण्य बराक नदी तथा सोनाई नदी के बीच 320 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला होगा।
- आठ अभिलिखित प्रजातियां: स्लो लोरिस, रीसस मैकाक, पिग-टेल्ड मैकाक, स्टंप-टेल्ड मैकाक, असमिया मैकाक, कैप्ड लंगूर, फायरेस लीफ मंकी और हूलॉक गिब्बन।
- यह किंग कोबरा के लिए भी एक महत्वपूर्ण पर्यावास है।

5. कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री, जिन्होंने जयनगर जनरल अस्पताल में कर्नाटक ब्रेन हेल्थ इनिशिएटिव (Ka-BHI) के तहत भारत के पहले ब्रेन हेल्थ क्लिनिक का उद्घाटन किया _____**डॉ. के. सुधाकर।**

नोट:

- उद्घाटन समारोह विश्व मस्तिष्क दिवस (22 जुलाई) को आयोजित किया गया।
- Nimhans के सहयोग से ऐसे दो केंद्र चिक्कबलपुर और कोलार जिलों में खुलेंगे।
- कर्नाटक ब्रेन हेल्थ इनिशिएटिव (Ka-Bhi) के राजदूत रॉबिन उथप्पा भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

6. किस राज्य कैबिनेट ने राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए राज्य 'रोजगार नीति 2022-25' को मंजूरी दी _____**कर्नाटक।**

नोट:

- यदि कोई उद्योग कार्यशील पूंजी को 50 करोड़ रुपये बढ़ाने की योजना बना रहा है, तो उसे कम से कम 30-50 नौकरियों का सृजन करना होगा।
- 100 करोड़ तक के निवेश को बढ़ाने के लिए, स्थानीय लोगों हेतु कम से कम 35 नौकरियों का सृजन करना होगा।

- अतिविशाल (अल्ट्रा मेगा) इकाइयों को, जिन्हें पहले न्यूनतम 400 रोजगार सृजित करने की आवश्यकता थी, अब 510 रोजगार का सृजन करना होगा।

7. केंद्रीय गृह मंत्री, अमित शाह ने नागरिक को बिना पुलिस स्टेशन जाए ऑनलाइन FIR दर्ज कराने में सक्षम बनाने के लिए किस राज्य में एक e-FIR फाइलिंग सिस्टम शुरू किया _____**गांधीनगर।**

नोट:

- इस प्रणाली की मदद से नागरिकों को वाहन चोरी या मोबाइल फोन चोरी की शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस स्टेशन जाने की आवश्यकता नहीं होगी।
- e-FIR सेवा को गुजरात राज्य पुलिस CCTV कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ा गया है।

8. एशियाई विकास बैंक ने किस राज्य की सुरक्षित पेयजल एवं स्वच्छता परियोजना के लिए 96.3 मिलियन डॉलर के ऋण को मंजूरी दी_____**हिमाचल प्रदेश।**

नोट:

- हिमाचल प्रदेश ग्रामीण पेयजल सुधार एवं आजीविका परियोजना के तहत ऋण प्रदान किया गया है।
- उद्देश्य: 2024 तक सभी ग्रामीण घरों में पाइप से जल पहुंचाना।
- यह जल आपूर्ति अवसंरचना को उन्नत बनाता है और सुरक्षित, संधारणीय एवं समावेशी ग्राम्य जलापूर्ति तथा स्वच्छता सेवाओं की सुनिश्चितता हेतु संस्थागत क्षमता को मजबूत करता है।

9. एप्लिकेशन आधारित प्रणाली, जिसे हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा गुरुग्राम में पुलिस की उपस्थिति और पुलिसकर्मियों द्वारा गश्त की वास्तविक समय निगरानी के लिए शुरू किया गया _____**'स्मार्ट ई-बीट'।**

नोट:

- यह व्यवस्था गुरुग्राम में 'स्मार्ट पुलिसिंग इनिशिएटिव' (SPI) के तहत शुरू की गई है।
- इससे पहले बीट पर तैनात पुलिसकर्मी अपनी उपस्थिति स्वयं दर्ज किया करते थे। लेकिन, यह GIS आधारित प्रणाली अधिक प्रभावी निगरानी को सक्षम बनाएगी।

10. राज्य में सेमीकंडक्टर के निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेमीकंडक्टर पॉलिसी 2022-27 शुरू करने वाला पहला राज्य_____**गुजरात।**

नोट:

- यह पॉलिसी सेमीकंडक्टर के निर्माण के लिए प्रोत्साहन तथा सब्सिडी भी प्रदान करती है।
- राज्य सरकार ने नीति कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेंसी के रूप में गुजरात स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स मिशन भी शुरू किया है।
- वांछनीय परियोजनाओं को विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए पहली 200 एकड़ भूमि की खरीद पर 75% सब्सिडी दी जाएगी।

11. कौन सी सरकार अगस्त माह से अपनी ई-टैक्सी सेवा 'सवारी' शुरू करेगी _____**केरल।**

नोट:

- यह ऑनलाइन टैक्सी हायरिंग सर्विस राज्य श्रम विभाग द्वारा शुरू की जा रही है जो राज्य में मौजूदा ऑटो-टैक्सी नेटवर्क को संयोजित कर रहा है।
- उद्देश्य: राज्य में मौजूदा किफायती दरों पर जनता के लिए सुरक्षित एवं विवाद मुक्त यात्रा सुनिश्चित करना।
- नई सेवा का शुभारंभ कनकक्कुन्नू पैलेस में आयोजित होने वाले एक समारोह में किया जाएगा।

12. किस राज्य के मुख्यमंत्री ने कक्षा 1 से 5 तक के सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए ब्रेकफास्ट स्कीम शुरू करने की घोषणा की _____**तमिलनाडु के मुख्यमंत्री, एम.के. स्टालिन।**

नोट:

- इस योजना पर 33.56 करोड़ रुपये खर्च होंगे।
- सभी स्कूलों में बच्चों को नाश्ते में सांभर तथा सब्जियां दी जाएंगी।
- प्रत्येक विद्यार्थी को सब्जियों तथा सांबर के साथ 150-500 ग्राम नाश्ता (ब्रेकफास्ट) उपलब्ध कराया जाएगा।

13. किस राज्य महिला आयोग ने राज्य की महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों तथा कानूनों से परिचित कराने के लिए 'मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ यात्रा' का आयोजन किया _____**छत्तीसगढ़।**

नोट:

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हरेली तिहार महोत्सव के अवसर पर 'मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ' को झंडी दिखाकर रवाना किया।
- महिलाओं के अधिकारों तथा संबंधित कानूनों के बारे में लघु फिल्मों, संदेशों तथा विवरणिका के माध्यम से जानकारी प्रसारित की जाती है।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, भारत द्वारा 2021 में धन विप्रेषण के रूप में कितनी धनराशि प्राप्त की गई और वह शीर्ष धन विप्रेषण प्राप्तकर्ता बन गया _____**87 बिलियन डॉलर।**

नोट:

- 2020 में धन विप्रेषण के लिए अमेरिका सबसे बड़ा स्रोत देश था, इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और स्विट्जरलैंड का स्थान है।
- 2021 में, भारत, चीन, मैक्सिको, फिलीपींस (36 बिलियन डॉलर) और मिस्र (33 बिलियन डॉलर) वर्तमान अमेरिकी डॉलर में शीर्ष पांच धन विप्रेषण प्राप्तकर्ता थे।

2. वह कंपनी, जिसे मंकीपॉक्स से बचाव के लिए अपनी इम्वैनेक्स वैक्सीन हेतु यूरोपियन कमीशन की मंजूरी मिली _____**बवेरियन नॉर्डिक (BAVA.CO)।**

नोट:

- इम्वैनेक्स को चेचक की रोकथाम के लिए 2013 से यूरोपीय संघ में मंजूरी प्राप्त है।
- मंकीपॉक्स और चेचक के बीच समानता के कारण इसे मंकीपॉक्स की संभावित वैक्सीन माना गया है।
- हाल ही में, WHO ने मंकीपॉक्स को एक अंतर्राष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है।

3. भारत ने नियर ईस्ट में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए यूनाइटेड नेशंस रिलीफ एंड वर्क्स एजेंसी (UNRWA) में कितनी धनराशि का योगदान दिया है _____**2.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर।**

नोट:

- भारत UNRWA का एक समर्पित संदाता है और 2018 से मध्य पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए मुख्य UNRWA सेवाओं के समर्थन में 20 मिलियन अमेरिकी डॉलर प्रदान किए हैं।
- UNRWA की स्थापना 1949 में एक मानवीय एजेंसी के रूप में की गई थी।
- यह एजेंसी संदाता देशों से पूर्णतया स्वैच्छिक अंशदान और अनुदान के माध्यम से वित्त पोषित है।

4. वह पर्वतारोही जो पाकिस्तान प्रशासित दूसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी K2 पर चढ़ने वाली पहली बांग्लादेशी बनी _____**वसीफा नाज़रीन।**

नोट:

- वह 8611 मीटर ऊंची K2 पर्वत चोटी पर चढ़ीं।
- वसीफा नाज़रीन 2012 में माउंट एवरेस्ट पर भी चढ़ाई कर चुकी हैं और वह ऐसा करने वाली बांग्लादेश की दूसरी महिला हैं।
- टीम में मिंगमा तेनज़ी शेरपा, मिंगमा डेविड शेरपा और निर्मल पुरजा जैसे दुनिया के कुछ प्रख्यात पर्वतारोही सहित 21 पर्वतारोही शामिल थे।

5. एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित वर्ल्ड एयरपोर्ट ट्रैफिक डेटासेट के अनुसार, 2021 के लिए दुनिया के व्यस्ततम हवाई अड्डों की सूची में दिल्ली हवाई अड्डे का स्थान _____**तेरहवां।**

नोट:

- IGIA ने 2021 में 3.7 करोड़ यात्रियों का आवागमन दर्ज किया है।
- हर्ट्सफील्ड-जैक्सन अटलांटा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (ATL) 7.6 करोड़ यात्रियों आवागमन के साथ 2021 की रैंकिंग में शीर्ष पर है।
- एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल मुख्यालय: मॉन्ट्रियल, कनाडा
- अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन दिवस: 7 दिसंबर

6. कोटक प्राइवेट बैंकिंग-हुरुन सूची के अनुसार, रोशनी नादर मल्होत्रा को 2021 में 84,330 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ भारत की सबसे अमीर महिला का खिताब दिया गया है, वह किस कंपनी की अध्यक्ष हैं_____**HCL टेक्नोलॉजीज।**

नोट:

- फाल्गुनी नायर (नायका की संस्थापक एवं CEO) को 57,520 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ भारत की दूसरी सबसे अमीर महिला का स्थान दिया गया।
- फाल्गुनी नायर सबसे अमीर स्व-निर्मित महिला भी हैं।
- किरण मजूमदार-शॉ (बायोकॉन की संस्थापक एवं CEO) 29,030 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

7. देश की अस्थिर मुद्रा को नष्ट करने वाली मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए किस देश ने "मोसी-ओ-तुन्या" नामक सोने के सिक्के लॉन्च किए _____**जिम्बाब्वे।**

नोट:

- इसकी घोषणा रिजर्व बैंक ऑफ जिम्बाब्वे (केंद्रीय बैंक) ने की, जिसने वाणिज्यिक बैंकों को 2,000 सिक्के वितरित किए हैं।
- सिक्कों को चल संपत्ति का दर्जा दिया गया है, जिसे आसानी से नकदी में बदला जा सकता है।
- सिक्कों का उपयोग व्यक्ति या कंपनियां कर सकती हैं।
- वे बैंकों तथा अन्य अधिकृत केंद्रों से सिक्के खरीद सकते हैं।

8. ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, 11.3 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ एशिया की सबसे अमीर महिला _____**सावित्री जिंदल (72 वर्षीय, भारतीय)।**

नोट:

- उन्होंने चीन की यांग हुइयां की जगह ली जिनकी कुल संपत्ति 11.0 बिलियन डॉलर है।
- चीन के सबसे बड़े रियल एस्टेट डेवलपर कंट्री गार्डन होल्डिंग्स की नियंत्रक हिस्सेदारी धारक हुइयां की संपत्ति गिरकर आधी हो गई जो पिछले वर्ष के लगभग 24 बिलियन डॉलर से घटकर 11 बिलियन डॉलर रह गई।
- सावित्री जिंदल अपने पति ओ.पी. जिंदल की मृत्यु के बाद जिंदल ग्रुप की अध्यक्ष बनीं।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. विद्युत उत्पादन उत्सर्जन को कम करते हुए परिवहन विद्युतीकरण एवं ऊर्जा दक्षता प्रौद्योगिकियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित ग्लोबल एनर्जी प्राइज़ किसने जीता _____**कौशिक राजशेखर।**

   नोट:
   - वह ह्यूस्टन यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग के भारतीय मूल के प्रोफेसर हैं।
   - 43 देशों के रिकॉर्ड 119 नामांकन में से इस वर्ष सम्मान के लिए दुनिया में केवल तीन लोगों का चयन किया गया था।

2. वह अभिनेता जिन्होंने अजय देवगन के साथ सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का 68वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2022 जीता_____**सूर्या (सोरारई पोटरु के लिए)।**

   नोट:
   - अपर्णा बालमुरली को उनकी फिल्म 'सोरारई पोटरु' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री चुना गया।
   - सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म: सोरारई पोटरु
   - सर्वश्रेष्ठ निर्देशक: सच्चिदानंदन केआर, अय्यप्पनम कोशियुम
   - सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म (हिंदी): तुलसीदास जूनियर
   - अत्यधिक फिल्म अनुकूल राज्य: मध्य प्रदेश
   - सर्वश्रेष्ठ ऑडियोग्राफी: डोलू (कन्नड़)

3. वह अभिनेता जिसे 10 वर्षों के लिए संयुक्त अरब अमीरात सरकार से प्रतिष्ठित गोल्डन वीजा प्राप्त हुआ _____**कमल हासन।**

   नोट:
   - कमल हसन से पहले नासेर, मामूट्टी, मोहनलाल, टोविनो थॉमस, पार्थिएपन, अमला पॉल और शाहरुख खान समेत कई कलाकारों को यह सम्मान मिल चुका है।
   - संयुक्त अरब अमीरात गोल्डन वीज़ा एक दीर्घकालिक आवास वीजा प्रणाली है, जो पांच से 10 वर्षों तक विस्तारित होती है।
   - यह विभिन्न क्षेत्रों के प्राप्तकर्ताओं, पेशेवरों, निवेशकों और आशाजनक योग्यताओं वाले लोगों को प्रदान किया जाता है।

4. यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन द्वारा युद्ध के समय के प्रयासों के लिए सर विंस्टन चर्चिल लीडरशिप अवार्ड से किन्हें सम्मानित किया गया _____**वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की (यूक्रेनी राष्ट्रपति)।**

   नोट:
   - उन्होंने लंदन ऑफिस ऑफ जॉनसन में आयोजित एक समारोह के दौरान वीडियो लिंक द्वारा पुरस्कार स्वीकार किया।
   - चर्चिल लीडरशिप अवॉर्ड पहली बार 2006 में प्रदान किया गया था।

5. दिनेश शाहरा फाउंडेशन (DSF) ने किस क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए अपनी तरह का पहला 'दिनेश शाहरा लाइफटाइम अवार्ड' स्थापित किया_____**संगीत।**

   नोट:
   - इस पहल को इंडियन आर्ट्स एंड कल्चरल सोसाइटी का समर्थन प्राप्त है।

- इसकी घोषणा DSF के ट्रस्टी दिनेश शाहरा ने हाल ही में मुंबई में आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम "मौसिकी" के दौरान की थी।
- इस सम्मान में ट्रॉफी तथा एक अहम नकद राशि भी समाविष्ट होगी।

6. वह कनाडाई विद्वान, जिन्हें भारतीय क्षेत्र में अध्ययन, शिक्षण तथा अनुसंधान में उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) के डिस्टिंगुइश्ड इंडोलॉजिस्ट फॉर 2021 पुरस्कार से सम्मानित किया गया _____**जेफरी आर्मस्ट्रांग।**

नोट:

- वे वैदिक विज्ञान एवं कला अकादमी के संस्थापक हैं और भगवद गीता कम्स अलाइव के लेखक हैं।
- पहली वर्ल्ड इंडोलॉजी कॉन्फ्रेंस के दौरान 2015 में ICCR डिस्टिंगुइश्ड इंडोलॉजिस्ट पुरस्कार की शुरुआत की गई थी।

खेल समाचार

1. 2022 विश्व चैंपियनशिप, यूजीन, ओरेगन में भाला फेंक प्रतिस्पर्धा के फाइनल में 88.13 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ रजत पदक किसने जीता _____**नीरज चोपड़ा।**

नोट:

- वह पदक जीतने वाले केवल दूसरे भारतीय तथा पहले पुरुष ट्रैक एंड फील्ड एथलीट बने।
- एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा) ने 90.54 मीटर दूर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता, जबकि जैकब वाडलेज (चेक गणराज्य) ने 88.09 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता।
- प्रसिद्ध लंबी कूद खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज 2003 में पेरिस में कांस्य जीतने वाली पहली भारतीय थीं।

2. गत दो बार के चैंपियन स्लोवेनिया के टाडेज पोगाकर को तीन मिनट और 34 सेकंड से हराकर अपना पहला टूर डी फ्रांस खिताब किसने जीता _____**जोनस विंगगार्ड (डेनमार्क)।**

नोट:

- पिछले वर्ष, पोगाकर के बाद विंगगार्ड दूसरे स्थान पर रहे थे।
- टूर डी फ्रांस एक प्रतिष्ठित मल्टीस्टेज बाइक रेस है, जो हर वर्ष फ्रांस में आयोजित की जाती है।
- रेस, जिसे ले टूर या ला ग्रांडे बाउल के नाम से भी जाना जाता है, में 2022 में 21 चरण थे और यह 3,328 किमी तक चली थी।

3. वह महिला क्रिकेटर, जिसने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की _____ **करुणा।**

नोट:

- उन्होंने पांच टेस्ट मैच खेले, उन्होंने नवंबर 2005 में दिल्ली में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण करने के बाद से 195 रन बनाए और 40 उनका उच्चतम स्कोर था।
- अगस्त 2014 में, उसने वर्म्सले में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए अपना अंतिम टेस्ट खेला।
- उन्होंने 44 एकदिवसीय मैच भी खेले और एकमात्र शतक एवं नौ अर्द्धशतक के साथ कुल 987 रन बनाए जिसमें 103 उनका उच्चतम स्कोर था।

4. 2022 फ्रेंच ग्रैंड प्रिक्स खिताब किसने जीता_____ **मैक्स वेर्स्टाप्पेन (रेड बुल)।**

नोट:

- जबकि, सात बार के चैंपियन, लुईस हैमिल्टन (मर्सिडीज) अपनी 300वीं ग्रैंड प्रिक्स में दूसरे स्थान पर रहे।
- जॉर्ज रसेल (मर्सिडीज) 2022 फ्रेंच ग्रैंड प्रिक्स में तीसरे स्थान पर रहे।

- रेड बुल्स के सर्जियो पेरेज़ और फेरारी के कार्लोस सैन्ज़ जूनियर क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

5. कौन सा देश 2025 ICC महिला ODI विश्व कप की मेजबानी करेगा _____ **भारत।**

नोट:

- 2024 महिला T20 विश्व कप प्रतियोगिता की मेजबानी बांग्लादेश करेगा, जबकि 2026 संस्करण इंग्लैंड में आयोजित किया जाएगा।
- श्रीलंका ने 2027 महिला T20 चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के अधिकार हासिल किए हैं।

6. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) द्वारा आयोजित सभी अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट मैचों के शीर्षक प्रायोजक (टाइटल स्पॉन्सर) के रूप में कौन सी कंपनी पेटीएम को प्रतिस्थापित करेगी _____ **मास्टरकार्ड।**

नोट:

- बोर्ड ने शीर्षक अधिकारों (टाइटल राइट्स) को पुन:समनुदेशित करने की पेटीएम की याचिका को स्वीकार कर लिया है।
- 2015 से, पेटीएम BCCI का टाइटल स्पॉन्सर रहा है और उसने अगस्त 2019 में अनुबंध को नवीकृत किया।
- पेटीएम और BCCI के बीच मौजूदा समझौता सितंबर 2019 से 31 मार्च 2023 तक का है।

7. बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन समारोह के लिए भारत का ध्वजवाहक किन्हें नामित किया गया _____**पी.वी. सिंधु (बैडमिंटन खिलाड़ी) और मनप्रीत सिंह (भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान)।**

नोट:

- भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मनप्रीत सिंह के नेतृत्व में टोक्यो ओलंपिक (2021) में कांस्य पदक जीता।
- भारतीय खेल प्राधिकरण ने टीम इंडिया का उत्साह बढ़ाने के लिए एक नया अभियान "क्रिएट फॉर इंडिया" भी शुरू किया।

8. वे तीन देश जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) की सदस्यता का दर्जा प्राप्त हुआ _____ **कंबोडिया और उज्बेकिस्तान (एशिया), और कोटे डी आइवर (अफ्रीका)।**

नोट:

- उनके शामिल होने के साथ, ICC के सदस्यों की कुल संख्या 108 देश हो गई जिसमें 96 सहयोगी शामिल हैं।
- एशियाई देशों की कुल संख्या 25 तक पहुंच गई जबकि कोटे डी आइवर अफ्रीका से 21वां देश है।

9. जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम, चेन्नई, तमिलनाडु में FIDE चेस ओलंपियाड का कौन सा संस्करण आयोजित हुआ_____ **44वां।**

नोट:

- समारोह में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन, पांच बार के शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद और कई अन्य लोग शामिल हुए।
- इस प्रतियोगिता की मेजबानी भारत में पहली बार तथा एशिया में 30 वर्ष बाद की जा रही है।
- इस प्रतियोगिता में 187 देशों की कुल 343 टीमें भाग ले रही हैं।
- चेस ओलंपियाड का शुभंकर: 'थंबी' (शतरंज का घोड़ा)
- गान: वणक्कम चेन्नई

10. पुरुषों के 55 किग्रा भारोत्तोलन में रजत पदक किसने जीता है, जो बर्मिंघम में आयोजित 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का पहला पदक है_____ **संकेत महादेव सरगर।**

नोट:

- उन्होंने कुल 248 किग्रा (113+135) वजन उठाया।

- मलेशिया के बिन कसदन मोहम्मद अनीक ने कुल 249 किग्रा (107+142) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता।
- श्रीलंका की दिलंका इसुरु कुमारा योदगे ने कुल 225 किग्रा (105+120) वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

11. किस कंपनी ने भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) के साथ साझेदारी की, जिसके तहत पेरिस ओलंपिक 2024 में पहली बार इंडिया हाउस की स्थापना की जाएगी _____ **रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL)।**

नोट:

- उद्देश्य: भारतीय एथलीटों के प्रदर्शन को बुलंद करना, राष्ट्रीय खेल संघों की सहायता करना और भारत की साख बनाना।
- यह साझेदारी राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और ओलंपिक खेलों सहित प्रमुख प्रतियोगिताओं में भारतीय एथलीटों का समर्थन करेगी।

12. वह भारतीय महिला भारोत्तोलक जिन्होंने बर्मिंघम 2022 CWG में महिलाओं की 49 किग्रा स्पर्धा में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता _____ **साइखोम मीराबाई चानू।**

नोट:

- उन्होंने स्नैच और क्लीन एंड जर्क श्रेणी में कुल 201 किग्रा वजन उठाया।
- बिंदयारानी देवी सोरोखाइबम (भारोत्तोलक) ने महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में भारत के लिए दूसरा रजत पदक जीता।

13. 2022 हंगेरियन ग्रैंड प्रिक्स का खिताब किसने जीता_____ **मैक्स वेर्स्टाप्पेन (रेड बुल)।**

नोट:

- उनके बाद लुईस हैमिल्टन (मर्सिडीज) और जॉर्ज रसेल (मर्सिडीज) रहे।
- इस खिताब के साथ, उन्होंने 2022 फॉर्मूला वन सीजन की अपनी आठवीं जीत और अपने करियर की 28वीं जीत दर्ज की।

14. गुस्ताव मैकॉन जो T20 विश्व कप 2024 क्वालीफायर में लगातार अंतर्राष्ट्रीय शतक बनाने वाले सबसे युवा पुरुष खिलाड़ी बने, किस देश से संबंधित हैं _____ **फ्रांस।**

नोट:

- उन्होंने यूरोप क्वालिफायर ग्रुप B मैच (युवा खिलाड़ी का दूसरा अंतर्राष्ट्रीय मैच) में यह कारनामा किया।
- उन्होंने फिनलैंड के केरावा राष्ट्रीय क्रिकेट मैदान में नॉर्वे के खिलाफ रिकॉर्ड बनाया।
- उन्होंने नॉर्वे के खिलाफ 53 गेंदों में 101 रन की अपनी पारी में पांच चौके और आठ छक्के लगाए।
- इससे पहले, उन्होंने वांटा में स्विट्जरलैंड के खिलाफ 61 गेंदों में 109 रनों की पारी खेली थी।

पुस्तकें एवं लेखक

1. प्रकाशन विभाग निदेशालय द्वारा प्रकाशित 'मूड्स, मोमेंट्स एंड मेमोरीज - फॉर्मर प्रेसीडेंट्स ऑफ इंडिया (1950-2017) ए विजुअल हिस्ट्री' का विमोचन किसने किया _____ **केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री, अनुराग ठाकुर।**

नोट:

- प्रकाशन विभाग निदेशालय द्वारा प्रकाशित तथा केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री, अनुराग ठाकुर द्वारा विमोचित अन्य दो पुस्तकें:
- (1) फर्स्ट सिटीजन - पिक्टोरियल रिकॉर्ड ऑफ प्रेसीडेंट रामनाथ कोविंद
- (2) इंटरप्रेटिंग ज्योमेट्रीज़ - फ्लोरिंग ऑफ राष्ट्रपति भवन

विज्ञान एवं रक्षा

1. किस देश ने अपने स्थायी अंतरिक्ष स्टेशन में दूसरा अंतरिक्ष मॉड्यूल वेंटियन लैबोरेटरी मॉड्यूल (23-टन) सफलतापूर्वक लॉन्च किया_____ **चीन।**

नोट:

- इसे दक्षिणी हैनान द्वीप के वेनचांग स्पेस लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च 5B पर लॉन्च किया गया।
- यह मॉड्यूल अन्य लैब मॉड्यूल के साथ अंतरिक्ष यात्रियों को अपने वैज्ञानिक प्रयोग करने में मदद करेगा।
- पहला अंतरिक्ष मॉड्यूल तियानहे था, जिसे अप्रैल 2021 में लॉन्च किया गया था और तीसरा मॉड्यूल, मेंगटियन, बहुत जल्द लॉन्च किया जाएगा।

2. 2024 के बाद कौन सा देश अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) से बाहर हो जाएगा _____**रूस।**

नोट:

- रूस और अमेरिका ने अंतरिक्ष स्टेशन पर कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है जो 1998 से कक्षा में है।
- ISS वर्तमान में पृथ्वी की निचली कक्षा में सबसे बड़ा मॉड्यूलर स्पेस स्टेशन है।
- पांच भागीदार अंतरिक्ष एजेंसियां: नासा (अमेरिका), रोस्कॉस्मोस (रूस), JAXA (जापान), ESA (यूरोप), और CSA (कनाडा)।

3. भारतीय नौसेना और किस देश के मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स के बीच एक मैरीटाइम पार्टनरशिप एक्सरसाइज़ (MPX) आयोजित किया गया_____**जापान।**

नोट:

- INS सुकन्या (अपतटीय गश्ती पोत) और जेएस सेमीडेयर (मुरासेम श्रेणी डिस्ट्रॉयर) ने विभिन्न अभ्यास किए, जिसमें परिचालन संबंधी पारस्परिक क्रिया के एक भाग के रूप में नाविक क्रियाकलाप, विमान संचालन और सामरिक युद्धाभ्यास शामिल हैं।
- उद्देश्य: पारस्परिकता बढ़ाना तथा नाविक एवं संचार प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना।

4. भारतीय वायु सेना द्वारा किस फाइटर जेट (एक स्क्वाड्रन) को 2022 सितंबर तक सेवामुक्त किया जाएगा_____ **मिग-21।**

नोट:

- अन्य तीन स्क्वाड्रन को 2025 तक चरणबद्ध तरीके से सेवामुक्त किया जाएगा।
- पुराने मिग-21 की जगह नए लड़ाकू विमानों का प्रयोग होगा।
- वायु सेना को अपना पहला सिंगल इंजन वाला मिग-21 वर्ष 1963 में प्राप्त हुआ।
- इस विमान ने कई अभियानों जैसे सफेदसागर (कारगिल, 1999), फरवरी 2019 में पाकिस्तान में भारत का ऑपरेशन आदि में भाग लिया।

----------0----------

BYJU'S EXAM PREP

Features :

- Live Classes by Top Faculty
- Comprehensive Study Material
- Daily Study Plan
- Latest Pattern Test Series
- Complete Doubt Resolution
- Regular Assessments with Report Card